**Need to appoint principals and teachers on permanent basis in Navodaya Vidyalayas- Laid**

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) **:** मैं नवोदय विद्यालयों की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ । सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई सराहनीय कार्य किए हैं, लेकिन स्थायी प्राचार्यों और शिक्षकों की नियुक्ति में कुछ चुनौतियाँ बनी हुई हैं, जिनका समाधान आवश्यक है । कई विद्यालय प्रभारी या अनुबंधित प्राचार्यों के माध्यम से संचालित हो रहे हैं, जिससे प्रशासनिक स्थिरता प्रभावित हो रही है । मेरा अनुरोध है कि स्थायी प्राचार्यों की नियुक्ति को प्राथमिकता दी जाए । साथ ही, रसायनशास्त्र, गणित, भौतिकशास्त्र जैसे विषयों में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों को कठिनाइयाँ हो रही हैं । अतः शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को तेज किया जाए ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके । सरकार शिक्षा सुधारों के प्रति प्रतिबद्ध रही है । मेरा निवेदन है कि नवोदय विद्यालयों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल हो सके ।